अब शराब की बोतल पर होगी ऐसी चेतावनी कि पीना छूट जाएगा!

अगले साल से शराब की हर बोतल के लेबल एक स्वास्थ्य चेतावनी अनिवार्य होगी.

Aug 20, 2018, 02:24 PM IST

सुमन अग्रवाल. नई दिल्ली: अगले साल से शराब की हर बोतल के लेबल एक स्वास्थ्य चेतावनी अनिवार्य होगी. ये चेतावनी विस्की, रम, वोडका, ब्रांडी सहित सभी तरह की शराब पर लागू होगी. प्रत्येक बोतल के ऊपर स्वास्थ्य चेतावनी अनिवार्य होगी. विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ-साथ भारत में खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने शराब पर यह गाईडलाइन जारी की है.

नई गाइडलाइन अप्रैल 2019 से लागू होंगी. अप्रैल 2019 के बाद शराब की बोतल पर ये चेतावनी लिखी होगी - शराब पीना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और शराब पीकर गाड़ी न चलाएं. गाइडलाइन के मुताबिक स्वास्थ्य चेतावनी को बोल्ड लेटर्स में लिखना होगा. ऐसी ही चेतावनी कुछ साल पहले तंबाकू और सिगरेट के पैकेट पर छापने का आदेश दिया गया था. माना जा रहा है कि इस चेतावनी से शराब की लत में कमी आएगी.

ड्रिंक हेल्दी, ड्रिंक लेस

इस बारे में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी 'ड्रिंक हेल्दी, ड्रिंक लेस' नाम से एक गाइडलाइन जारी की थी. इसके बाद FSSAI ने भारत में भी ये दिशा निर्देश जारी किए. हालांकि तंबाकू और सिगरेट की तरह शराब की बोतलों पर दी गई चेतावनी के साथ कोई तस्वीर नही होगी. सूत्रों ने बताया कि पहले चेतावनी के साथ ही तस्वीर छापने का भी प्रस्ताव था, लेकिन शराब कंपनियों के विरोध के बाद तस्वीर को छोड़ दिया गया.